# दिनॉक 09.06.2022 को जिलाधिकारी महोदय सीतापुर की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक का कार्यवृत्त

जिलाधिकारी महोदय की अध्यक्षता में जनपद सीतापुर के सभी ग्राम पंचायतों में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत हर घर जल उपलब्ध कराने हेतु जिला पेयजल एवं स्वच्छता समिति की बैठक आयोजित की गयी जिसमें निम्न अधिकारी/सदस्य उपस्थित रहे :–

1– श्री राकेश कुमार पाण्डेय, जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
3– श्री वाई0 के0 नीरज, अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण), सीतापुर।
4– श्री मनोज कुमार, जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
5– श्री अजीत कुमार, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सीतापुर।
6– श्री विशाल पोरवाल, अधिशासी अभियन्ता, सीतापुर प्रखण्ड, शारदा नहर, सीतापुर।
7– श्री सदन लाल गुप्ता, अधिशासी अभियन्ता, निर्माण खण्ड–1, लोक निर्माण विभाग, सीतापुर।
8– श्री रामेश्वर सिंह, सहायक अभियन्ता, लघु सिंचाई विभाग, सीतापुर।
9– श्री सुनील कुमार शुक्ला, सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
10– श्री सुनील सिंह, परियोजना निदेषक, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
11– श्री चन्द्रशेखर राव, प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनमपल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
12– श्री हरीश चन्द्र यादव, डी0सी0, डी0पी0एम0यू0।

सर्वप्रथम बैठक में जल जीवन मिशन कार्यक्रम के अन्तर्गत मे0 एल0 एण्ड टी0 एवं मे0 एन0सी0सी0 द्वितीय–फेज एवं तृतीय–फेज को आवंटित ग्रामों की भौतिक प्रगति, भूमि प्रस्ताव तथा डी0पी0आर0 की समीक्षा की गयी, स्थिति निम्नवत् है:–

**मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, लि0–**

1– मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, को पूर्व में 800 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 555 ग्राम पंचायत का आवंटन किया गया था, परन्तु पूर्व में आवंटित सूची में सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में कुछ राजस्व ग्राम छूटे हुये थे एवं कुछ ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध न होने के कारण आंशिक संशोधन किया गया है। वर्तमान में संशोधन के पश्चात् 800 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 563 ग्राम पंचायत हो गयी है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 06.05.2022 को सम्पन्न बैठक में बदले गये राजस्व ग्राम/ग्राम पंचायतों का अनुमोदन कराने हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया था। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उक्त का अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय से प्राप्त कर लिया गया है। मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटित 563 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 352 ग्राम पंचायतों की डी0पी0आर0 तैयार कर प्रस्तुत किया जा चुका है, जिसमें से 58 ग्राम पंचायतों का डी0पी0आर0 आज की बैठक में प्रस्तुत किया गया है। 286 ग्राम पंचायतों का ट्राई पार्टी एग्रीमेन्ट हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 को अवशेष 211 ग्राम पंचायतों की डी0पी0आर0 शीघ्र ही तैयार कर 30 जून 2022 तक प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

2– मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 12 रिग मशीन 04 कम्प्रेशर, 03 ओ0पी0 यूनिट आदि संसाधन उपलब्ध है। 286 ग्राम पंचायत के स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष 88 ग्राम पंचायतों में कार्य चल रहा है। वर्तमान में 74 नग ग्राम पंचायतों की ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए उक्त के अतिरिक्त 20 रिग मशीन 10 कम्प्रेशर, 06 ओ0पी0 यूनिट आदि संशाधन की व्यवस्था करते हुए शेष 198 नग स्वीकृत परियोजनाओं पर तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। जिसके सम्बन्ध में मेसर्स एल0 एण्ड टी0 लि0 द्वारा शीघ्र ही मैन पावर एवं मशीनरी बढ़ाकर कार्य में तेजी लाने का आश्वासन दिया गया।

3– अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि पेन्टेड रोड से 1.50 मी0 दूरी पर पाइप लाइन बिछायी जाये एवं यदि रोड कटिंग का कार्य कराया जा रहा है तो सम्बन्धित विभाग (जिसकी रोड है) को सूचित किया जायेगा।

**मै0 एन0सी0सी0 लि0–**

1– मै0 एन0सी0सी0 लि0, को पूर्व में 500 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 327 ग्राम पंचायतों का आवंटन किया गया था, परन्तु पूर्व में आवंटित सूची में सम्बन्धित ग्राम पंचायतों में कुछ राजस्व ग्राम छूटे हुये थे एवं कुछ ग्राम पंचायतों में भूमि उपलब्ध न होने के कारण आंशिक संशोधन किया गया है। वर्तमान में संशोधन के पश्चात् 500 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 325 ग्राम पंचायत हो गयी है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा दिनांक 06.05.2022 को सम्पन्न बैठक में बदले गये राजस्व ग्राम/ग्राम पंचायतों का अनुमोदन कराने हेतु पत्रावली प्रस्तुत करने हेतु अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) को निर्देशित किया गया था। अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि उक्त का अनुमोदन जिलाधिकारी महोदय से प्राप्त कर लिया गया है।

Scanned by CamScanner

5

मे0 एन0सी0सी0 लि0 द्वारा अवगत कराया गया कि आवंटित 325 ग्राम पंचायतों के सापेक्ष 276 ग्राम पंचायतों की डी0पी0आर0 तैयार कर प्रस्तुत किया जा चुका है, जिसमें से 37 ग्राम पंचायतों का डी0पी0आर0 आज की बैठक में प्रस्तुत किया गया है। 189 ग्राम पंचायतों का ट्राई पार्टी एग्रीमेन्ट हो चुका है। जिलाधिकारी महोदय द्वारा मै0 एन0सी0सी0 लि0 को अवशेष ग्राम पंचायतों की डी0पी0आर0 शीघ्र ही तैयार कर 15 जून 2022 तक प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया गया।

2— मै0 एन0सी0सी0 लि0, द्वारा अवगत कराया गया कि वर्तमान में 08 रिग मशीने, 07 कम्प्रेशर, 06 ओ0पी0 यूनिट आदि संशाधन उपलब्ध है। 222 ग्राम पंचायतों की 217 नग स्वीकृत डी0पी0आर0 के सापेक्ष 103 ग्राम पंचायतों में कार्य चल रहा है। वर्तमान में 96 नग ग्राम पंचायतों की ट्यूबवेल बोरिंग का कार्य पूर्ण हो चुका है। जिस पर अध्यक्ष महोदय द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुये उक्त के अतिरिक्त 20 रिग मशीने, 08 कम्प्रेशर, 06 ओ0पी0 यूनिट आदि संशाधन की व्यवस्था करते हुये शेष 93 नग स्वीकृत परियोजनाओं पर तत्काल प्रभाव से कार्य प्रारम्भ करने का निर्देश दिया गया। जिसके सम्बन्ध में मेसर्स एन0सी0सी0 लि0 द्वारा शीघ्र ही मैन पावर एवं मशीनरी बढ़ाकर कार्य में तेज़ी लाने का आश्वासन दिया गया।

3— फर्म द्वारा अवगत कराया गया कि तृतीय फेज के लिए 946 राजस्व ग्राम के सापेक्ष 662 ग्राम पंचायतों का आवंटन किया गया। जिसमें 334 ग्राम पंचायतों मे सर्वेक्षण का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है एवं 127 ग्राम पंचायतों की भूमि चिन्हित कर ली गयी है। जिसके सम्बन्ध में अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देशित किया गया कि जहॉ पर भूमि चिन्हित है उन ग्राम पंचायतों के डी0पी0आर0 एवं जहॉ भूमि नहीं प्राप्त हुयी है उन ग्राम पंचायतों की सूची अधिशासी अभियन्ता जल निगम (ग्रामीण) के माध्यम से अध्यक्ष महोदय के समक्ष शीघ्र प्रस्तुत करना सुनिश्चित करें।

4— अध्यक्ष महोदय द्वारा निर्देश दिये गये कि पेन्टेड रोड से 1.50 मी0 दूरी पर पाइप लाइन बिछायी जाये एवं यदि रोड कटिंग का कार्य कराया जा रहा है तो सम्बन्धित विभाग (जिसकी रोड है) को सूचित किया जायेगा।

अधिशासी अभियन्ता, जल निगम (ग्रामीण) द्वारा समिति के समक्ष मे0 एल0एण्ड टी0 लि0 के 58 नग डी0पी0आर0 एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0 के 37 नग डी0पी0आर0 (कुल 95 नग डी0पी0आर0) परीक्षण हेतु प्रस्तुत किये गये। परीक्षणोपरान्त समिति द्वारा उक्त 95 नग डी0पी0आर0 अनुमोदित करते हुये एस0डब्ल्यू0एस0एम0 को अग्रेतर कार्यवाही हेतु प्रेषित करने का निर्णय लिया गया।

अन्त में अध्यक्ष महोदय द्वारा बैठक समाप्त करते हुए समस्त अधिकारियों, निर्माण हेतु कार्यदायी फर्मों (मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो लि0 एवं मे0 एन0सी0सी0 लि0) टी0पी0आई0 एवं डी0पी0एम0यू0 को अपने—अपने दायित्वों को निर्धारित समय के अन्तर्गत पूर्ण गुणवत्ता के साथ पूर्ण करने हेतु निर्देश दिये गये।

अधिशासी अभियन्ता,
खण्ड कार्यालय,
उ0 प्र0 जल निगम(ग्रामीण),
सीतापुर
(सदस्य सचिव)

V. Verma

अधिशासी अभियन्ता,
सीतापुर प्रखण्ड
शारदा नहर सीतापुर,
(सदस्य)

जिला बेसिक शिक्षा
अधिकारी सीतापुर
(सदस्य)

जिला पंचायत राज
अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

जिलाधिकारी,
(अध्यक्ष)

जिला विकास अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

मुख्य विकास अधिकारी,
सीतापुर (सदस्य)

पृ0 संख्याः 305 /वीक M-45 / 08 / दिनॉक 13 / 06 / 2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

1— जिला विकास अधिकारी, सीतापुर।
2— अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय, उ0 प्र0 जल निगम (ग्रामीण), सीतापुर।
3— जिला पंचायत राज अधिकारी, सीतापुर।
4— सेन्सिस टेक लि0 (टी0पी0आई एजेन्सी), सीतापुर।
5— प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 लार्सन एण्ड टूब्रो, माउण्ट पूनामल्ली रोड, मनपक्कन,चेन्नई।
6— प्रोजेक्ट मैनेजर, मे0 एन0सी0सी0 लिमिटेड, एन0सी0 हाउस, 5वॉ तल, सर्वे नं0 64, मधापुर हैदराबाद।
7— डी0पी0एम0यू0।

अधिशासी अभियन्ता,
जल निगम (ग्रामीण),
(सदस्य सचिव)

Scanned by CamScanner